बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पत्रांक : नि० प्रा०/नि0 6-01/2017 07 /पटना, दिनांक 03/01/2018

विशेष दूत द्वारा

प्रेषक,

राज किशोर प्रसाद,
उप सचिव ।

सेवा में,

महासचिव,
प्रबंधक कमिटि,
तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहेब, 800008।

विषय : **तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहेब के प्रबंधक कमिटि के निर्वाचन के लिए मतदाता सूची के प्रकाशन के संबंध में ।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्राधिकार के पत्रांक 1063 दिनांक 25.10.2017 एवं उसके क्रम में दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन (प्रति संलग्न) की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि मतदाता सूची की तैयारी के संबंध में आपके स्तर से यथेष्ट कार्रवाई नहीं किये जाने के फलस्वरूप मतदाता सूची के प्रकाशन हेतु कार्यक्रम निम्नवत पुर्ननिर्धारित किया जाता है:-

क्र०	कार्यक्रम	तिथि
i	प्रबंधक कमिटि द्वारा बिहार एवं झारखंड के स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन का प्रकाशन (प्राधिकार द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन में तिथियों को संशोधित करते हुए विज्ञापन प्रकाशन किया जाना है)	10.01.2018
ii	प्रबंधक कमिटि द्वारा प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन की तिथि	11.01.2018 से 25.01.2018
iii	दावे/ आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि	30.01.2018 तक
iv	दावे/ आपत्तियों के निष्पादन के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन	16.02.2018

2. प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन निम्नलिखित कार्यालयों में किया जायगा:-
   I. प्रबंधक कमिटि, तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहेब के कार्यालय
   II. निर्वाची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी के कार्यालय
   III. प्रारूप मतदाता सूची बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के वेबसाईट www.bsea.bih.nic.in से भी अवलोकन एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

3. मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने एवं किसी प्रविष्टि में संशोधन के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन फार्म प्रबंधक कमिटि कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है एवं तदनुसार निर्धारित प्रपत्र में विहित अवधि में दावा/आपत्ति प्रबंधक कमिटि के समक्ष दायर किया जा सकता है।

4. अनुरोध है कि उपर्युक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित करते हुए एवं संबंधित सदस्यों के बीच प्रचार-प्रसार करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करने की कृपा की जाय एवं अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची की एक-एक प्रति निर्वाची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी एवं प्राधिकार कार्यालय को दिनांक 19.02.2018 तक कृपया उपलब्ध करायी जाय।

विश्वासभाजन

3/1/18

(राज किशोर प्रसाद)
उप सचिव

BSEA Hall dt. 02.01.2018

ज्ञापांक: 07 /पटना, दिनांक 03/01/2018

प्रतिलिपि: जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पटना एवं निर्वाची पदाधिकारी -सह- अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उप सचिव 3/1/18

BSEA Hall dt. 02.01.2018